DAILY NEWS BULLETIN

LEADING HEALTH, POPULATION AND FAMILY WELFARE STORIES OF THE DAY

Thursday 20201224

कोरोना वायरस

कोरोना वायरस के एक या दो नहीं बल्कि हैं 28 लक्षण, एनआइसीई ने लिस्ट के साथ एडवाजरी भी की जारी (Dainik Jagran: 20201224)

https://www.jagran.com/news/national-here-are-28-symptoms-of-corona-virus-nice-issues-advisory-and-list-jagran-special-21199210.html

कोरोना वायरस के करीब 28 लक्षणों की सूची ब्रिटेन के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ क्लीनिकल एक्सिलेंस की तरफ से जारी की गई है। साथ ही एक एडवाइजरी भी जारी की गई है। अब से पहले तक इस वायरस के कुछ ही लक्षणों की बात की जाती थी।

नई दिल्ली (जेएनएन)। कोरोना वायरस के नए रूप यानी स्ट्रेन ने विज्ञानियों की चुनौतियां बढ़ा दी है। हालांकि, दुनिया को भरोसा है कि इसका भी समाधान विज्ञानी जरूर ढूंढ लेंगे। अब तक कोरोना वायरस के 8-10 लक्षणों के बारे में चर्चा होती रही है, लेकिन ब्रिटेन के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ क्लीनिकल एक्सिलेंस यानी एनआइसीई ने हाल ही में कोरोना संक्रमण के 28 लक्षणों की पहचान कर उन्हें सार्वजनिक किया है। एनआइसीई ने इस संबंध में एडवाइजरी भी जारी की है।

छोड़ रहा अलग-अलग प्रभाव

विज्ञानियों ने कोरोना वायरस के व्यापक शोध के बाद उसे खत्म करने के लिए वैक्सीन का विकास किया। हालांकि, कोरोना वायरस के प्रभाव व लक्षणों के बारे में अब भी नई जानकारियां सामने आ रही

हैं। मुश्किल यह है कि कोरोना वायरस लोगों पर अलग-अलग प्रभाव छोड़ रहा है। किसी को सिर्फ बुखार आ रहा है तो किसी को सांस लेने में परेशानी के साथ-साथ अन्य समस्याएं भी हो रही हैं। एनआइसीई ने 18 दिसंबर को कोविड-19 के 28 लक्षणों की सूची सार्वजनिक की है। हालांकि, उसका कहना है कि कोरोना संक्रमण के लक्षण इससे अधिक हो सकते हैं।

कोरोना संक्रमण से उबरने वाले लोगों को भी अलग-अलग तरह की परेशानियां हो रही हैं। ज्यादातर लोगों का कहना है कि कोरोना संक्रमण से मुक्ति मिलने के बाद भी लंबे समय तक सुस्ती बनी रहती है। विशेषज्ञों का कहना है कि कोविड-19 लंबी चलती है। शुरुआत में मामूली लक्षणों के दिखाई देने के साथ बीमारी गंभीर हो सकती है। हालांकि, कोरोना से ठीक होने के बाद के लक्षण ज्यादा चिंताजनक हैं।

12 हफ्ते तक दिख सकते हैं लक्षण

ब्रिटेन के ऑफिस फॉर नेशनल स्टैटिस्टिक्स यानी ओएनएस ने कहा था कि कोरोना संक्रमण के लक्षण पांच में से एक व्यक्ति में पांच सप्ताह या उससे ज्यादा समय तक बरकरार रह सकते हैं। हालांकि, एक अन्य रिपोर्ट में ओएनएस ने कहा है कि 10 में से किसी एक व्यक्ति में कोविड-19 के लक्षण 12 हफ्ते तक रह सकते हैं।

कोरोना संक्रमण के ये हैं 28 लक्षण

श्वांस संबंधी, सूखी खांसी, सांस फूलना, हृदय संबंधी, छाती में दर्द, घबराहट, छाती में जकड़न, न्यूरोलॉजिकल, याददाश्त कमजोर पड़ना, नींद नहीं आना, सिरदर्द, चक्कर, बेहोशी, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, जी मिचलाना, डायरिया, भूख न लगना, पेट दर्द, मस्कुलोस्केलेटल, जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द, मनोवैज्ञानिक, डिप्रेशन, एंजाइटी, ईएनटी संबंधी, गंध महसूस नहीं होना, गले में खरास, कानों में लगातार शोर, महसूस करना, कान में दर्द, चक्कर आना, त्वचा पर लाल चकत्ते पड़ना, थकान, दर्द और बुखार आना।

Delhi's positivity rate below 1%, fewer than 1k cases for 3rd day (Hindustan Times: 20201224)

https://epaper.hindustantimes.com/Home/ArticleView

A health worker collects a sample for a Covid test. Biplov Bhuyan/HT

New Delhi : The national capital on Wednesday recorded a Covid-19 test positivity rate lower than 1% — the first time it has achieved that milestone since the state government has started releasing regular data on cases and tests, even as it added fewer than 1,000 new infections for the third straight day.

Delhi reported 871 cases of the coronavirus disease on Wednesday, with over 87,000 tests conducted — a positivity rate of 0.99%. This is also the first time Delhi has added less than 1,000 cases for three straight days, since the city started seeing over 1,000 cases a day for the first time on May 28.

At that time, the city was testing between 5,000 and 7,000 samples a day.

Experts regard the positivity rate as a crucial metric to gauge the spread of an infection, and the World Health Organization recommends that a region with a comprehensive testing programme should maintain a positivity rate below 5% for two weeks, for an outbreak to be considered under control.

"Yesterday [Tuesday], the positivity rate dropped to 1.14%, which is the lowest in eight months. And, today [Wednesday] we have seen that it has dropped to below 1%, which is probably the lowest in the country," said Delhi health minister Satyendar Jain during a press briefing on Wednesday.

In comparison, the national average positivity rate stands at about 6.1%.

As for the new UK variant of the virus, the minister advised that people maintain mask discipline to prevent the spread of the infection.

"Scientists say that the new UK variant spreads faster. However, the coronavirus is known to mutate over time and whether it is a UK variant, or the one from China, or the one from US, wearing a mask can prevent any of the strains from infecting a person. So, I urge people to continue to wear a mask," Jain said.

कोरोना का नया स्ट्रेन

कोरोना का नया स्ट्रेन: खोजे जा रहे हैं ब्रिटेन से लौटे यात्री, जानें किस राज्य में क्या है हाल (Hindustan: 20201224)

https://www.livehindustan.com/national/story-corona-new-strain-travelers-returning-from-britain-are-being-searched-know-what-is-the-situation-in-which-state-3702312.html

ब्रिटेन में तेजी से फैल रहे कोविड-19 के एक नये प्रकार (स्ट्रेन) को लेकर चिंताओं के बीच कर्नाटक ने भी महाराष्ट्र की तरह बुधवार को पाबंदियां लागू कर दी हैं, वहीं कई राज्यों में अधिकारियों ने ब्रिटेन से लौटने वाले यात्रियों का पता लगाने पर ध्यान केंद्रित कर रखा है। कर्नाटक सरकार ने कहा कि 24 दिसंबर से एक जनवरी तक रात्रि 11 बजे से सुबह पांच बजे तक राज्य में रात्रि कर्फ्यू लागू रहेगा लेकिन आधी रात में क्रिसमस की सामूहिक प्रार्थनाओं के आयोजन की अनुमति रहेगी।

क्या है दिल्ली एयरपोर्ट पर तैयारी

ब्रिटेन से दिल्ली हवाई अड्डे पर चार उड़ानों से पहुंचे 11 यात्रियों में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है। जेनिस्ट्रिंग्स डायग्नोस्टिक सेंटर की संस्थापक गौरी अग्रवाल ने बुधवार को इस बारे में बताया। दिल्ली हवाई अड्डे पर सभी यात्रियों की कोरोना वायरस की जांच का काम जेनिस्ट्रिंग्स डायग्नोस्टिक सेंटर को सौंपा गया है। एक बयान में अग्रवाल ने बताया कि चार उड़ानों के 50 यात्रियों को संस्थागत पृथक-वास में भेजा गया है। ब्रिटेन में नए प्रकार के कोरोना वायरस का पता चलने के बाद सरकार ने सोमवार को आदेश दिया था कि ब्रिटेन से आने वाले सभी यात्रियों की भारत के हवाई अड्डों पर जांच की जाएगी। अग्रवाल ने कहा कि निर्देश के बाद ब्रिटेन से कुल चार उड़ानें दिल्ली आ चुकी है।

नये कोरोना वायरस स्ट्रेन को लेकर चिंताओं के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से हुई बैठक में महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, गोवा, पंजाब, गुजरात और केरल में ब्रिटेन से आने वाले यात्रियों और संक्रमित पाये गये लोगों की स्थिति की समीक्षा की। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि ब्रिटेन से यहां आए लोगों का जोर-शोर से पता लगाया जा रहा है और कोविड-19 जैसे कोई भी लक्षण होने पर जांच की जा रही है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि शहर में कोरोना वायरस संक्रमण के प्रसार की स्थिति नियंत्रण में है और जांच में संक्रमण की पुष्टि होने की दर एक प्रतिशत से कम है। जैन ने पत्रकारों से कहा कि ब्रिटेन आने-जाने वाली उड़ानों

को निलंबित करना केन्द्र का एक त्वरित कदम था और इससे वहां फैले कोरोना वायरस के एक नए प्रकार (स्ट्रेन) को यहां फैलने से रोकने में मदद मिलेगी।

जैन ने कहा कि हम अपनी ओर से पूरी तरह सतर्क हैं। ब्रिटेन से पिछले कुछ दिनों में आए लोगों का जोर-शोर से पता लगाया जा रहा है और कोविड-19 का कोई मामूली लक्षण होने पर भी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि एक दल का गठन किया गया है और घर-घर जाकर लोगों का पता लगाया जा रहा है और उन्हें (ब्रिटेन से आए लोगों को) पृथक रहने का सुझाव भी दिया गया है। जैन ने मंगलवार को कहा था कि दिल्ली ने कोविड-19 की मुश्किल जंग लड़ी है और यह सुनिश्चित करने के सभी प्रयास किये जाएंगे कि महामारी के प्रबंधन में हासिल की गई प्रगति से पूर्व की स्थिति में नहीं पहुंच जाए।

कर्नाटक में सामूहिक प्रार्थनाओं पर लगाई रोक

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने कहा कि राज्य में क्रिसमस पर 24 दिसंबर को मध्य रात्रि को होने वाली सामूहिक प्रार्थनाएं बिना किसी बाधा के आयोजित की जा सकती हैं। उनकी सरकारी ने कहा है कि आयोजक एवं निरीक्षक सुनिश्चित करें कि चर्च में एक समय में बड़ी संख्या में लोग जमा नहीं हों और सामाजिक दूरी का अनुपालन हो। साथ ही लोगों से हाथ मिलाने, गले मिलने से भी परहेज करने को कहा गया है। 30 दिसंबर से दो जनवरी तक पार्टी, डीजे नृत्य कार्यक्रम, क्लब-रेस्तरां और अन्य स्थानों पर लोगों को आकर्षित करने के लिए विशेष आयोजन पर भी रोक लगाई गई है। येदियुरप्पा ने इससे पहले कहा कि कोविड-19 वायरस के नए स्वरूप के कारण और भारत सरकार एवं तकनीकी सलाहकार समिति की सलाह के अनुसार रात्रि कर्फ्यू लागू करने का फैसला किया गया है।

स्वास्थ्य मंत्री के. सुधाकर ने संवाददाताओं से कहा कि रात को कर्फ्यू लगाने का फैसला जन स्वास्थ्य के मद्देनजर लिया गया है। उन्होंने कहा कि 25 नवंबर से अब तक ब्रिटेन से आने वाले लोगों पर अनिवार्य रूप से 28 दिनों तक निगरानी रखी जाएगी और उन्हें स्व पृथक-वास में जाना होगा। सुधाकर ने बताया कि राज्य में 25 नवंबर से 22 दिसंबर के बीच एअर इंडिया और ब्रिटिश एयरवेज के जरिये राज्य में 2,500 लोग ब्रिटेन से आए हैं। पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में भी ब्रिटेन में कोरोना वायरस के नए प्रकार के फैलने के मद्देनजर नगर निगम क्षेत्रों में रात्रि कर्फ्यू लागू करने की सोमवार को घोषणा की गई थी।

देहरादून में पार्टी पर रोक लगाई

देहरादून प्रशासन ने क्रिसमस, नये साल की पूर्व संध्या और नव वर्ष पर होटलों, बारों, रेस्तराओं और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पार्टियों जैसे सामूहिक कार्यक्रमों पर रोक लगा दी है। देहरादून के

जिलाधिकारी आशीष श्रीवास्तव के अनुसार यह प्रतिबंध देहरादून, मसूरी और रिषीकेश में लागू रहेगा जहां क्रिसमस और नये साल पर बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। ब्रिटेन में कोरोना वायरस का नया प्रकार सामने आने के बीच इस मुल्क से पिछले एक पखवाड़े में इंदौर लौटे 33 यात्रियों को स्वास्थ्य विभाग ने अपनी निगरानी में रखा है। विभाग के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

महामारी की रोकथाम के लिए जिले के नोडल अधिकारी अमित मालाकार ने एजेंसी को बताया कि सरकार से हमें इंदौर के ऐसे 33 लोगों की सूची मिली है जो पखवाड़े भर में ब्रिटेन से लौटे हैं। उनसे कहा गया है कि इंदौर आगमन के बाद 15 दिनों तक वे अपने घर में पृथक-वास में रहें। उन्होंने बताया कि इन यात्रियों की सेहत पर हमारी निगाह बनी हुई है। मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत इनके नमूने लेकर आरटी-पीसीआर पद्धति से कोविड-19 की जांच भी कराई जा रही है।

पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने लोगों से अत्यंत सावधानी बरतने और कोविड संबंधी सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने को कहा है। ब्रिटेन से अमृतसर पहुंची अंतिम उड़ान में मंगलवार को आठ लोग संक्रमित पाये गये थे। सिंह ने उम्मीद जताई कि वायरस का नया स्ट्रेन पंजाब में नहीं पहुंचा होगा।

भारत पर नहीं दिख रहा कोरोना की नई स्ट्रेन का असर, एक दिन में आए सिर्फ 24 हजार मामले (Dainik Jagran: 20201224)

https://www.jagran.com/news/national-india-coronavirus-updates-twenty-four-thousand-new-coronavirus-cases-in-the-last-24-hours-recovery-rate-increased-21199533.html?itm_source=website&itm_medium=homepage&itm_campaign=p1_component

देश में कोरोना महामारी की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। भारत में बीते 24 घंटों में कोरोना के 24 हजार से ज्यादा मामले सामने आए हैं। सक्रिय केस में भी लगातार गिरावट आ रही है।

नई दिल्ली, एएनआइ। India Coronavirus Update, ब्रिटेन में आई कोरोना की नई स्ट्रेन का असर फिलहाल भारत पर नहीं दिख रहा है। देश में ब्रिटेन में मिले कोरोना की नई स्ट्रेन का अब तक एक भी

मामला सामने नहीं आया है। भारत की बात करें तो यहां कोरोना वायरस महामारी की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। देश में बीते 24 घंटों में कोरोना वायरस के 24 हजार से ज्यादा मामले सामने आए हैं। इस दौरान देश में 300 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में कोरोना वायरस के अब तक 1 करोड़ 1 लाख 23 हजार 778 मामले सामने आ चुके हैं। हालांकि, इसमें से करीब 97 लाख लोग ठीक हो चुके हैं। भारत में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या भी घट रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में कोरोना के एक्टिव केस फिलहाल 2 लाख 83 हजार 849 है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोरोना से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। देश में फिलहाल कोरोना से 96 लाख 93 हजार 173 लोग ठीक हो चुके हैं। देश में कोरोना से मौत का आंकड़ा 1 लाख 46 हजार 756 हो गया है।

सक्रिय मामलों में लगातार गिरावट

देश में कोरोना से सक्रिय मामले लगातार कम हो रहे हैं। देश में बीते 24 घंटों में कोरोना के 5,391 एक्टिव केस कम हुए हैं। इससे एक्टिव केस की दर 2.80% हो गई है। इसके साथ रिकवरी भी बढ़ रही है। पिछले 24 घंटों में देश में कोरोना से 29,791 लोग ठीक हुए हैं। इससे रिकवरी दर बढ़कर 95.75% हो गया है। भारत की कोरोना मृत्यु दर फिलहाल 1.45% है।

देश में साढ़े 16 करोड़ से ज्यादा कोरोना टेस्ट

देश में कोरोना की जांच का आंकड़ा भी बढ़ रहा है। देश में साढ़े 16 करोड़ से ज्यादा सैंपलों की कोरोना जांच की जा चुकी है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (Indian Council of Medical Research, ICMR) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में बुधवार(23 दिसंबर) तक 16,53,08,366 सैंपलों की जांच हो चुकी है, जिनमें से 10,39,645 टेस्ट कल किए गए हैं।

Coronavirus variant

New, more infectious coronavirus variant from South Africa found in UK (The Indian Express: 20201224)

https://indianexpress.com/article/coronavirus/new-more-infectious-coronavirus-variant-from-south-africa-found-in-uk-7117669/

South Africa's health department said last week that a new genetic mutation of the virus had been discovered and might be responsible for a recent surge in infections there.

A new, potentially more infectious variant of the novel coronavirus that causes COVID-19 has been found in Britain in cases linked to South Africa, British Health Secretary Matt Hancock said on Wednesday.

South Africa's health department said last week that a new genetic mutation of the virus had been discovered and might be responsible for a recent surge in infections there.

"Thanks to the impressive genomic capability of the South Africans, we've detected two cases of another new variant of coronavirus here in the UK," Hancock told a media briefing.

"Both are contacts of cases who have travelled from South Africa over the past few weeks."

Britain is already trying to curb the spread of a mutated strain of the virus which is up to 70% more transmissible, and further studies aerie being carried out on the new variant.

"This new variant is highly concerning, because it is yet more transmissible, and it appears to have mutated further than the new variant has been discovered in the UK," he said.

Close contacts of those with the new variant and all those who have been in South Africa in the last fortnight, or were in close contact with someone who had, must quarantine, he said.

Immediate restrictions were being imposed on travel from South Africa, he added.

Countries around the world have in recent days closed their borders to both Britain and South Africa following the identification of the new, fast-spreading variants of the coronavirus.

"So the new variant in the UK, which we've identified, is very different to the variant in South Africa, it's got different mutations," said Susan Hopkins from Public Health England.

"Both of them look like they're more transmissible. We have more evidence on the transmission for the UK variant because we've been studying that with great detail with academic partners. We're still learning about the South African variant."

She expressed confidence that the spread of the South Africa-linked variant would be controlled and said vaccines that have already been developed should be effective.

“We have no evidence at the moment that the vaccine will not work, so actually what that means in fact is that there’s strong evidence that it will work, because the vaccine produces a strong immune response and it’s broad and acts against lots of variation in the virus,” she said.

ब्रिटेन में कोरोना वायरस के एक और खतरनाक वेरिएंट से मचा हड़कंप, जानें कैसे है साउथ अफ्रीका से कनेक्शन (Hindustan: 20201224)

https://www.livehindustan.com/international/story-new-and-third-variant-of-coronavirus-from-south-africa-found-in-uk-3702230.html

बीते हफ्ते कोरोना वायरस के दूसरे वेरिएंट मिलने से यूनाइटेड किंगडम (यूके) में जारी हड़कंप के बीच अब यहां वायरस का तीसरा वेरिएंट मिला है। यह वायरस दक्षिण अफ्रीका से आए लोगों के संपर्क में आने वालों में पाया गया है। ब्रिटिश हेल्थ सेक्रटरी मैट हैनकॉक ने बुधवार को इसकी जानकारी दी और बताया कि दक्षिण अफ्रीका से आने वालों पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जा रहा है।

बीते हफ्ते दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य विभाग ने कहा था कि उनके यहां वायरस का नया रूप मिला है जो संभवतः हाल ही में कोरोना के मामलों में तेजी आने की वजह है।

ब्रिटेन में वायरस का तीसरा स्ट्रेन

बीते हफ्ते ही इंग्लैंड के दक्षिणी इलाके में कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन का पता लगा था जो कि 70 प्रतिशत अधिक तेजी से फैल सकता है। इस वेरिएंट का पता लगने के बाद भारत सहित कई देशों ने ब्रिटेन से आने वाली सभी उड़ाने रद्द कर दी थीं।

ब्रिटेन के हेल्थ सेक्रटरी मैट हैनकॉक ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा, 'दक्षिण अफ्रीका की जीनोमिक सिक्वेंसिंग क्षमता का शुक्र है कि हमें यहां यूके में इस नए वेरिएंट से जुड़े दो मामलों का पता लग सका। ये दोनों ही मामले उनके संपर्क में थे जो बीते हफ्तों में दक्षिण अफ्रीका का सफर कर लौटे थे।'

हैन्कॉक ने बताया, 'इस वेरिएंट का देश पहुंचना चिंता का विषय है क्योंकि यह पिछले हफ्ते यूके में मिले कोरोना वायरस के दूसरे वेरिएंट से भी अधिक तेजी से फैल सकता है। नए वेरिएंट से संक्रमित

लोगों के निकटतम संपर्कों और बीते 15 दिनों में दक्षिण अफ्रीका से आने वाले लोग या जो इनके संपर्क में रहे हों, सभी को क्वारंटीन किया जाएगा।'

वैक्सीन को लेकर यह बोले स्वास्थ्य अधिकारी

इंग्लैंड पब्लिक हेल्त की सुसान हॉपकिन्स के मुताबिक, 'दोनों ही वेरिएंट पहले रूप से ज्यादा तेजी से फैलते हैं।' हॉपकिन्स ने यह आश्वासन दिया कि दक्षिण अफ्रीका से जुड़े नए वेरिएंट पर वैक्सीन से नियंत्रण कर लिया जाएगा और जो वैक्सीन पहले ही बनाई जा चुकी हैं वे भी इस पर प्रभावी रहेंगी।

उन्होंने कहा, 'फिलहाल ऐसे कोई सबूत नहीं जिससे यह साबित हो कि वैक्सीन इन वेरिएंट्स पर असरदार नहीं हो, बल्कि ऐसे तथ्य जरूर हैं जो यह साबित करें कि वैक्सीन का इन वेरिएंट्स पर असर होगा क्योंकि वैक्सीन से प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है और यह वायरस में होने वाले कई बदलावों के प्रति असरदार है।'

खान- पान

सर्दी में आंवला खाने के हैं इतने जबरदस्त फायदे, जानें आयुर्वेद के अनुसार कैसे करें सेवन (Hindustan: 20201224)

https://www.livehindustan.com/lifestyle/story-sardi-mein-amla-khane-ke-fayde-in-hindi-ayurvedic-benefits-of-eating-indian-gooseberry-3700406.html

खाने-पीने की जब भी बात आती है, तो मौसम का अहम रोल होता है। जैसे, अक्सर लोग इस बात को लेकर दुविधा में रहते हैं कि सर्दियों में कौन-सी चीजें नहीं खानी चाहिए या गर्मियों में जो चीजें वे फिट रहने के लिए खाते आ रहे हैं, क्या ठंड में उनका सेवन छोड़ देना चाहिए? आंवले के बारे में भी ज्यादातर लोग सोचते हैं कि ठंड में आंवला नहीं खाना चाहिए लेकिन आयुर्वेद के अनुसार ठंड के मौसम में आंवले का सेवन आपको कई बीमारियों से बचाता है। आंवला जिसे इंडियन गूसबेरी भी कहा जाता है, हमारे स्वाथ्यय के लिए बेहद फायदेमंद है। आइए, जानते हैं ठंड में आंवला खाने के फायदे-

बॉडी को डिटॉक्स करता है आंवला

आंवला एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होता है और बॉडी को डिटॉक्स करने में मदद करता है। इसके अलावा शरीर की इम्यूनिटी यानी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में भी मदद करता है। आंवला खाने का सबसे अच्छा समय सुबह होता है। यह शरीर से अतिरिक्त विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है।

विटामिन सी से भरपूर होता है आंवला

आंवला विटामिन सी का काफी अच्छा स्रोत है। इसमें एक संतरे की तुलना में 8 गुना अधिक विटामिन सी होता है और 1 आंवले में संतरे से 17 गुना अधिक एंटीऑक्सिडेंट होता है। विटामिन सी के साथ-साथ यह कैल्शियम का भी एक समृद्ध स्रोत है। यह आपको कई मौसमी बीमारियों से दूर रखने के साथ-साथ सर्दी या खांसी में भी राहत दिलाता है।

वायरल इंफेक्शन से बचाव

आंवला में एंटीऑक्सिडेंट और विटामिन सी आपके मेटाबॉलिज्मह को बढ़ावा देने और सर्दी और खांसी सहित वायरल और बैक्टीरियल बीमारियों को रोकने में मदद करता है। आंवले का कसैला स्वाद ही आपकी सेहतमंद रखता है इसलिए आप इसकी कैंडी या फिर आंवला, गुड़ और सेंधा नमक के मिश्रण से तैयार करके सेवन कर सकते हैं।

स्किन और बालों को रखें स्वस्थ

आंवला आपकी त्वाचा और बाल दोनों के लिए अच्छा है। यह बालों के लिए टॉनिक का काम करता है क्योंंकि यह रूसी से लेकर बालों के झड़ने की समस्या को रोकता है। इससे बालों की ग्रोथ में सुधार होता है। वहीं त्वचा की बात की जाए, तो आंवला सबसे अच्छा एंटी एजिंग फल है।

इस तरह इस्तेमाल करें आंवला

आयुर्वेद के अनुसार यदि आप रोज सुबह आंवले का रस शहद के साथ पीते हैं, तो आप दमकती हुई और स्वस्थ त्वचा पा सकते हैं। 2 चम्मच शहद के साथ 2 चम्मच आंवला पाउडर मिलाकर इसका सेवन भी कर सकते हैं। आप इसे दिन में तीन से चार बार ले सकते हैं। इस उपाय को प्राचीन काल से इस्तेमाल किया जाता है।

पेट की चर्बी

पेट की चर्बी को तेजी से कम करने के लिए अपनाएं ये पांच उपाय, 15 दिनों में दिखने लगेगा फर्क (Hindustan: 20201224)

https://www.livehindustan.com/lifestyle/story-weight-loss-natural-tips-how-to-get-flat-tummy-in-just-15-days-without-gym-and-dieting-3700496.html

आजकल अधिकतर लोग बढ़े हुए पेट या पेट की चर्बी की वजह से ज्यादातर लोग परेशान हैं। यहां हम आपको बता रहे हैं बेहद आसान तरीके जिनसे आप जल्द से जल्द टमी को कम कर सकते हैं। टमी का फैट तब बढ़ता है जब अनावश्यक चर्बी कमर के आसपास जमा हो जाती है। जिसकी वजह से कई तरह की परेशानियां सामने आने लगती हैं।

नमक का रखें ध्यान

नमक वाले प्रॉडक्ट जैसे पैक किए हुए चिप्स, अचार का इस्तेमाल न करें। पैक किए हुए प्रॉडक्ट में लेबल्स जरूर चेक कर लें। क्योंकि इनमें सामान्य तौर पर ज्यादा नमक होता है। ज्यादा नमक खाना शरीर के लिए नुकसानदायक हैं क्योंकि इसके बाद प्यास कम लगती है।

जंक फूड

अगर आपके फ्रिज में जंक फूड की भरमार है, तो इन्हें तुरंत फ्रिज से निकाल दें और इनकी जगह ताजा फल सब्जियां और साबूत अनाज को शामिल कर लें। इसके साथ ही ज्यादा पके हुए फूड को भी खाने से बचना चाहिए।

फलों का करें इस्तेमाल

फलों के जूस, एल्कोहल में काफी कैलोरी होती हैं और ज्यादातर समय शरीर का ब्लड शुगर लेवल खराब करते हैं। इसलिए फलों का जूस पीने से अच्छा है कि उन्हें ऐसे ही खाया जाए। अगर आप बेली फैट कम करना चाहते हैं, तो अपनी डाइट में ताजा फलों को शामिल कर लें।

चावल खाने से करें परहेज

अगर आपको चावल खाना पसंद है तो इसे तुरंत ब्राउन चावल, साबुत अनाज, ओट्स में बदल दें।

सुबह के नाश्ते में करें ओट्स को शामिल

अगर आपको टमी का एकस्ट्रा फैट कम करना है, तो अपने दिन की शुरुआत ओट्स से करें। ओट्स में लो कैलोरी होते हैं और शरीर को धीरे-धीरे ऊर्जा देते हैं।

अस्थमा

ज्यादा मांस खाने से बच्चों में बढ़ता है अस्थमा का खतरा, न्यूयॉर्क के शोधकर्ताओं का दावा (Dainik Jagran: 20201224)

https://www.jagran.com/world/america-increased-meat-consumption-associated-with-symptoms-of-childhood-asthma-21199431.html

ज्यादा मांस खाने से बच्चों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। इससे भविष्य में उन्हें अस्थमा और घबराहट की शिकायत हो सकती हैं। न्यूयॉर्क के इकोन स्कूल ऑफ मेडिसिन के शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है।

न्यूयॉर्क, आइएएनएस। बचपन में हमारे खानपान की आदत भविष्य में हमारे स्वास्थ का निर्धारण करती है। इसलिए डॉक्टर बच्चों को संतुलित आहार लेने को कहते हैं। कई लोग अपने बच्चों को मांस (मीट) ज्यादा खिलाते हैं, ताकि उन्हें भरपूर मात्रा में प्रोटीन मिल सके। लेकिन एक नए अध्ययन में कहा गया है कि ज्यादा मांस खाने से बच्चों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। इससे भविष्य में उन्हें अस्थमा और घबराहट की शिकायत हो सकती हैं। न्यूयॉर्क के इकोन स्कूल ऑफ मेडिसिन के शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है।

जर्नल थोरैक्स में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि मांस पकने के दौरान कई ऐसे पदार्थ निकलते हैं जो घबराहट बढ़ाने से जुड़े रहते हैं। यह अध्ययन एडवांस ग्लाइकेशन एंड-प्रोडक्ट्स (एजीई) नामक प्रो-इंफ्लेमेटरी यौगिकों पर भी प्रकाश डालता है, जो सांस संबंधी रोगों के लिए जिम्मेदार होते हैं।

न्यूयॉर्क के माउंट सिनाई में इकोन स्कूल ऑफ मेडिसिन की सहायक प्रोफेसर और इस अध्ययन की प्रमुख लेखिका सोनाली बोस ने कहा, 'बच्चों में श्वसन तंत्र को प्रभावित करने में आहार की भी

महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए ऐसे कारकों की पहचान करना जरूरी है ताकि बीमारी होने से रोका जा सके और लोग स्वस्थ जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि हमारा अध्ययन आहार की आदतों का विश्लेषण कर भविष्य में होने वाली बीमारियों का पूर्वानुमान लगा सकता है और समय रहते इससे बचने के उपाय बता सकता है।

शोधकर्ताओं ने 2003-2006 के राष्ट्रीय स्वास्थ्य और पोषण परीक्षा सर्वेक्षण (NHANES) के माध्यम से 2 से 17 वर्ष के बीच के 4,388 बच्चों की जांच की, जो कि नेशनल सेंटर फॉर हेल्थ स्टैटिस्टिक्स का एक प्रोग्राम है। यह यूएस सेंटर फॉर डिजिज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन का हिस्सा है। यह अमेरिका में साक्षात्कार और शारीरिक परीक्षण के माध्यम से वयस्कों और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए डिजाइन किया गया है।

महिलाओं की स्थिति

समाज में महिलाओं की स्थिति में बदलाव लाने की आवश्यकता (Amar Ujala: 20201224)

https://www.amarujala.com/columns/blog/women-s-condition-in-21st-century-in-india-empowerment-of-indian-women?pageId=1

जब भी अखबार या खबरों को देखती सुनती हूं तो उसे हिंसा की खबरों से भरा पाती हूं। कोविड-19 में जब देश बंद था तब भी इन घटनाओं का थमते नहीं देखा। हिंसा में घर और बाहर का कोई भेद ही नहीं रहा। बंद में एक ओर घरेलू हिंसा को बढ़ता हुआ देखा गया तो वहीं समाज और राजनीति में उनपर शारीरिक व मानसिक हिंसा को देखा।

हमारे समाज में स्त्रियों के प्रति हिंसा आम बात है। फिर चाहे वह शारीरिक हो या मानसिक या फिर शाब्दिक। हमारे आस-पास स्त्रियों के प्रति घटने वाली शारीरिक घटनाओं के प्रति आक्रोश व विरोध आम जनता में सामान्यतः देखा जाता है किंतु हमारे समाज में स्त्रियों के प्रति होने वाली मानसिक व शाब्दिक हिंसा पर बात नहीं होती है।

स्त्री हिंसा का यह स्वरूप स्त्री चेतना को संवेगात्मक स्तर तक प्रभावित करता है। कभी-कभी हिंसा का यह स्वरूप इतना बर्बर हो जाता है कि वह आत्मघाती बन जाता है। हमारे आसपास सामान्य व्यक्ति से लेकर उच्च पदस्थ प्रशासनिक, न्यायिक व राजनीतिक महकमों तक में स्त्री के प्रति शाब्दिक हिंसा व उसके चारित्रिक हनन के लिए अशोभनीय भाषा, शब्दों का प्रयोग आम बात है। जिस पर कभी बहस होती है तो कहीं मौन विरोध तो कुछ उसके पक्ष में भी खड़े दिखाई देते हैं।

फिर कुछ समय बाद सब ठंडा होकर गैर-जरूरी मुद्दा बनकर दबा दिया जाता है। इतना ही नहीं राजनीति में सक्रिय कई नेताओं पर महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी व दुर्व्यवहार के कई केस दर्ज है। बावजूद इसके यही स्त्री सुरक्षा और सम्मान पर बहस करते हैं और महिलाओं की सुरक्षा की पैरोकारी करते देखे जाते हैं।

हमारे समाज की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि आम व्यक्ति से लेकर पढ़े-लिखे प्रबुद्ध वर्ग की भाषा में महिलाओं के प्रति अशोभनीय व आपत्तिजनक टिप्पणियां सामान्य हैं। राजनीति जो किसी देश व राष्ट्र की पथप्रदर्शक होती है वह भी महिलाओं पर ऐसे हमले करने से गुरेज नहीं करती। भारतीय राजनीति में महिला हिंसा की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए मजबूती से कार्य करने की अपेक्षा इन घटनाओं के लिए पीड़ित को ही दोषी बनाने की मानसिकता मौजूद है।

‘यह क्या आइटम है’, 'टंच माल’, 'ये इस तरह की जितनी लड़कियां मरती है ये कुछ ही जगहों पर पाई जाती हैं। ये (लड़कियां) गन्ने के खेत में पाई जाती हैं, ये (लड़कियां) धान के खेत में ही मरी क्यों मिलती हैं? ये गेहूं के खेत में मरी क्यों नहीं मिलतीं? इनके मरने की जगह वही है और कहीं पे घसीटकर नहीं ले जाई जाती हैं। कोई इनको घसीटकर ले जाता नहीं है। तो आखिर ये घटनाएं इन्हीं जगहों पर क्यों होती हैं? ये पूरे देश स्तर पर जांच का विषय है’।

इसी तरह ‘सभी माता-पिता को अपनी बेटियों को एक संस्कारी वातावरण में शालीन व्यवहार करने का तरीका सीखाना चाहिए।' ये सभी बयान भारतीय राजनेताओं के हैं जो कहने को जन प्रतिनिधि है लेकिन पूर्णतः गैरजिम्मेदार व असंवेदनशील। जिनके लिए स्त्री के साथ हिंसा और फिर उसकी मृत्यु मायने नहीं रखती है। मायने रखती है तो केवल सत्ता।

बेटी की इज्जत जाएगी तो गांव और मोहल्ले की इज्जत जाएगी...

इक्कीसवीं सदी में महिलाओं के प्रति अनुचित टिप्पणी को अपराध माना जाता है- उन्हें बेटियों के संस्कार की चिंता है मगर बेटे जो अपराध की घटनाओं को अंजाम दे रहे है, उनकी कोई चिंता नहीं। इनकी दृष्टि आज भी स्त्री को मनुष्य नहीं मानती है। तभी तो एक नेता सार्वजनिक मंच से कह जाते हैं

कि 'लड़कों से गलती हो जाती है और इसके लिए उन्हें मौत की सजा नहीं देना चाहिए।' यह वही समाज है जहां एक मासूम का बलात्कार कर उसकी हत्या हो जाती है तो राजनीतिक पक्ष इस अपराध को गलती बताते हुए महिलाओं के साथ उत्पीड़न की मानसिकता को सार्वजनिक मंच से प्रोत्साहन देता है।

इतना ही नहीं न्याय के पैरोकार द्वारा बलात्कार की बढ़ती घटनाओं के संदर्भ में स्त्रियों के प्रति विभिन्न तरह की टिप्पणियां उनकी मानसिकता को प्रदर्शित करती है। एक रिटायर जज द्वारा की गई यह टिप्पणी कि 'सेक्स मर्द की सामान्य इच्छा है। कहा भी जाता है कि खाने के बाद अगली जरूरत सेक्स होती है। भारत जैसे रूढ़िवादी देश में सेक्स शादी के बाद ही किया जा सकता है लेकिन जब बड़े पैमाने पर बेरोजगारी है तो बड़ी संख्या में युवाओं की शादी नहीं होगी क्योंकि कोई लड़की बेरोजगार से शादी नहीं करेगी।'

तो यह टिप्पणी उनकी तथा समाज की मानसिक दशा को प्रदर्शित करता है। हमारे समाज में मां-बाप बेटियों को बचपन से नैतिक मूल्यों, इज्जत, संस्कार की शिक्षा देते हैं, किंतु इन अपराधों को अंजाम देने वाले बेटों को समझाने की बजाय माता-पिता उनके द्वारा किए गए अपराधों के बचाव में खड़े होकर समाज में स्त्रियों के प्रति आपराधिक प्रवृति को और बढ़ावा दे रहे हैं। ऐसे में माता-पिता द्वारा बेटों को नैतिक मूल्यों का बोध कराना जरूरी ही नहीं आवश्यक है।

इक्कीसवीं सदी में महिलाओं के प्रति अनुचित टिप्पणी को अपराध माना जाता है। मगर हमारे देश में उनकी बॉडी शेमिंग से लेकर उनके व्यवसायिक व व्यक्तिगत जीवन से संबंधित आपत्तिजनक व अशोभनीय शब्दों का प्रयोग करना सामान्य बात है। अपने वोट के लिए बेटियों व महिलाओं की इज्जत को तार-तार करने में भी ये राजनेता गुरेज नहीं करते।

'बेटी की इज्जत जाएगी तो गांव और मोहल्ले की इज्जत जाएगी। अगर वोट बिक गया तो देश की इज्जत जाएगी'। ऐसे बहुत से बयान और घटनाएं भारतीय राजनीति की महिलाओं के प्रति तुच्छ दृष्टि को उभारती है। यही लैंगिक पूर्वाग्रहों से ग्रस्त सोच पूरी राजनीतिक, न्यायिक, प्रशासनिक, सामाजिक व्यवस्था का हिस्सा है। तभी तो आज तक बलात्कार की घटनाओं में कमी नहीं आई बल्कि इन सबके बीच में स्त्रियों पर बढ़ती हिंसा ने स्त्रियों पर अधिकार प्राप्त करने तथा उसे वस्तु बनाने की मानसिकता का विकास हुआ।

समाज को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाए जाने की प्रक्रिया में सर्वप्रथम राजनीतिक, प्रशासनिक व न्यायिक महकमों को महिलाओं के प्रति लैंगिक पूर्वाग्रहों से मुक्त और जेंडर संवेदनशील बनाए जाने की आवश्यकता है, क्योंकि यह सभी सत्ता और शक्ति के प्रतीक हैं और युवाओं के आदर्श हैं। ऐसे में आवश्यक है कि पहले इसमें बदलाव लाया जाए तभी समाज को बदला जा सकता है।

वायरसों के खौफ

वायरसों के खौफ से दो-चार दुनिया (Dainik Tribune: 20201224)

https://www.dainiktribuneonline.com/news/comment/two-four-worlds-due-to-fear-of-viruses-21013

